उत्तर प्रदेश के गाँवों में शुरू की जाएगी डिजिटिल डॉक्टर क्लीनिक

चर्चा में क्यों?

18 अक्तूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गाँवों में डिजिटिल डॉक्टर क्लीनिक सेवा शुरू करने के संदर्भ में डॉक्टरों की बनी टीम डिजिटिल डॉक्टर क्लीनिक के लिये ओबदु ग्रुप के साथ 350 करोड़ रुपए का एमओयू किया है।

प्रमुख बिंदु

- सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार निजी निवेश के माध्यम से यह पहल करने जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य रियायती दरों पर लोगों को गंभीर-से-गंभीर बीमारियों में चिकित्सीय परामर्श के साथ ही दवाइयाँ एवं पैथोलॉजी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराना है।
- इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 'डिजिटिल डॉक्टर क्लीनिक' स्थापित कर क्लीनिक से इलाज शुरू किया जाएगा। इसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मरीज आसानी से डॉक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा बात कर पाएंगे, साथ ही उन्हें इलाज मिल पाएगा।
- उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होने वाले ये क्लीनिक एक प्रकार से प्राइमरी हेल्थ सेंटर की तरह होंगे।
- शुरुआत में ये पायलट प्रोजेक्ट के तहत लखनऊ तथा बुलंदशहर के कुल 20 केंद्रों में खोले जाएंगे, इसके बाद इन्हें पूरे उत्तर प्रदेश में शुरू किया जाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digital-doctor-clinic-will-be-started-in-vllages-of-uttar-pradesh